देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 07.06.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि विकास के लिये नवाचार पर बल देते हुए इसे प्रयोगशाला से खेतों तक पहुंचाने पर जोर दिया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिला अधिकारियों को सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक अपने कार्यालयों में आम जनता के लिए उपलब्ध रहने के निर्देश दिए।
- देहरादून में डेंगू और जलजनित रोगों की रोकथाम में आशा कार्यकत्रियों की सक्रिय भूमिका का दिख रहा है असर, राजधानी में इस वर्ष डेंगू के मामलों में कमी।
- मुख्यमंत्री ने कहा– सरकार जल्द ही स्पोर्ट्स लिगेसी प्लान लागू करेगी, आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियां की जाएंगी स्थापित।

केंद्रीय कृषि मंत्री संबोधन

केंद्रीय कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 22वें मध्य–कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र को संबोधित किया। यह कार्यक्रम 9 से 14 वर्ष सेवा अनुभव वाले आई.ए.एस अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया था।

श्री चौहान ने कहा कि लोक सेवा विशेषाधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों से विनम्रता, अनुशासन और सहानुभूति के साथ शासन प्रणाली को सहभागी और प्रभावी बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने नीति से जमीन पर बदलाव लाने को वास्तविक नेतृत्व बताया और वसुधैव कुटुंबकम की भावना को दोहराया। साथ ही कृषि को भारत की ताकत बताते हुए प्रयोगशाला से खेत तक नवाचार पहुंचाने की जरूरत बताई।

महिलाओं की भागीदारी को विकास की आधारशिला मानते हुए उन्होंने कहा, "महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना विकास अधूरा है।"

समीक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल नैनीताल में कुमाऊं मंडल स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चंपावत और ऊधमसिंहनगर जिलों के जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनता दरबार और चौपाल जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सीधे जनता से संवाद करें ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक अपने कार्यालयों में आम जनता के लिए उपलब्ध रहने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयसीमा पर विशेष ध्यान देने को कहा। मानकों का पालन न करने या देरी की स्थिति में संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की चेतावनी दी। भ्रष्टाचार पर सख्त रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

श्री धामी ने विजिलेंस तंत्र को और मजबूत करने की बात कही और स्पष्ट किया कि अब भ्रष्टाचार के मामलों में सरकार सीधे हस्तक्षेप करेगी। दोषी अधिकारियों को सजा जरूर मिलेगी, लेकिन उन्हें निष्पक्ष सुनवाई का अवसर भी दिया जाएगा।

आशा कार्यकत्री– स्वास्थ्य

राजधानी देहरादून में डेंगू और जलजनित रोगों की रोकथाम में आशा कार्यकत्रियों की सक्रिय भूमिका से इस बार डेंगू के मामलों में कमी आई है। आशा कार्यकत्रियों को उनके कार्यों के लिए उन्हें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से एक हजार, नगर निगम से पन्द्रह सौ और जिला प्रशासन से पहली बार एक हजार पांच सौ रुपये अतिरिक्त दिए जा रहे हैं। इस प्रकार उन्हें कुल चार हजार पांच सौ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशाओं और आशा फेसिलिटेटर्स को अलग से एक हजार पांच सौ पचपन रुपये का विशेष प्रोत्साहन भी दिया जाएगा।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा कि "आशाएं अब केवल स्वास्थ्य कार्यकर्ता नहीं, बल्कि हेल्थ सिस्टम की पहचान बन चुकी हैं।"

उन्होंने बताया कि देहरादून और ऋषिकेश नगर क्षेत्रों में आशाओं को वार्डवार डेंगू सर्वे, लार्वा नियंत्रण और फील्ड वॉलिंटियर्स के कार्यों की सत्यापन की जिम्मेदारी दी गई है। आशाओं के संक्रमित होने की स्थिति में उनका प्राथमिकता से उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## सख्ती

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक में लंबित जनशिकायतों को लेकर सख्त नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने 2023–24 की कई विभागों की शिकायतों की समीक्षा की और पाया कि कई मामले 36 दिनों से भी अधिक समय से लंबित हैं। इस पर नाराज होते हुए उन्होंने सभी विभागों को 3 दिन का समय देते हुए चेतावनी दी कि समाधान न होने की स्थिति में कार्रवाई तय होगी।

## निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कल अपने दो दिवसीय दौरे पर नैनीताल पहुंचे, जहां उन्होंने मल्लीताल में एक हजार एक सौ एक करोड़ रुपये की लागत से चल रहे मानसखण्ड मंदिर माला योजना के अंतर्गत सौंदर्यीकरण एवं पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया और 12 दुकानों का लोकार्पण किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कई घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि धुनीघाट और रातीघाट पैदल मार्ग सुधारे जाएंगे, शहीद संजय बिष्ट मोटर मार्ग और राज्य मार्ग संख्या–71 के खंडों को उन्नत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नैनीताल में सीवर लाइन, एसटीपी कार्य प्रगति पर हैं, और बढ़ते पर्यटन को देखते हुए ऑटोमेटिक, अशोक और मेट्रो पार्किंग परियोजनाएं मंजूर हुई हैं।

## देवभूमि टू खेलभूमि

देवभूमि अब खेलभूमि के रूप में सशक्त रूप से आगे बढ़ रही है। खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में उत्तराखंड अग्रसर है। नैनीताल के डी०एस०ए मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ये बात कही। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार जल्द ही स्पोर्ट्स लिगेसी प्लान लागू करेगी, जिसके तहत आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियां स्थापित की जाएंगी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि डी०एस०ए मैदान को उच्च स्तरीय खेल सुविधाओं के साथ एक मॉडल स्पोर्ट्स सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा, जहाँ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नैनीताल में वैकल्पिक पार्किंग विकसित की जाएगी, जबकि फ्लैट्स मैदान में हॉकी टर्फ और बॉक्सिंग रिंग स्थापित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि फ्लैट्स मैदान का उपयोग केवल खेल

और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए ही किया जाएगा, व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक रहेगी ताकि स्थानीय खिलाड़ियों के हित सुरक्षित रह सकें।

यातायात व्यवस्था

नैनीताल में पर्यटन सीजन के कारण हल्द्वानी होते हुए नैनीताल और आसपास के पर्यटक स्थलों की सड़कों पर दबाव बढ़ गया है। खासकर काठगोदाम से रानीबाग, भीमताल और नैनीताल रोड पर जाम की समस्या सामने आ रही है। इसे नियंत्रण में रखने के लिए पुलिस ने 8 जून तक सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किया है।

इस योजना के तहत बरेली रोड से पर्वतीय क्षेत्र जाने वाले सभी वाहन तीनपानी फ्लाईओवर से गौलापार रोड होते हुए नारीमन तिराहा काठगोदाम से अपने गंतव्य तक जाएँगे। रूद्रपुर की ओर से आने वाले वाहन पंतनगर तिराहा, रुद्रपुर, दिनेशपुर मोड़ से एनएच–109 नया हाईवे, लालकुँआ, तीनपानी फ्लाईओवर, गौलापार रोड व नारीमन तिराहा मार्ग से निकलेंगे। रामनगर और बाजपुर से पहाड़ जाने वाले वाहन कालाढूंगी नैनीताल तिराहा से मंगोली होते हुए यात्रा करेंगे।

इस दौरान भारी वाहनों का आवागमन सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा, जबकि यातायात सामान्य होने पर ढील दी जाएगी। पहाड़ से हल्द्वानी आने वाले भारी वाहनों को नंबर एक बैंड से पीछे रोड के बांई ओर और पुलिस चौकी सलड़ी क्षेत्र में अमृतपुर मोड़ के पास पार्क किया जाएगा। काठगोदाम क्षेत्र में तीन बजे के बाद नैनीताल और भवाली से मस्जिद तिराहा होकर मैदानी क्षेत्र जाने वाले पर्यटक वाहन नंबर एक बैंड व रूसी बाईपास द्वितीय से डायवर्ट होकर रूसी बाईपास प्रथम होते हुए कालाढूंगी मार्ग से जाएंगे। पहाड़ से हल्द्वानी आने वाली रोडवेज, केमू बसें और टैक्सी अपने निर्धारित मार्गों से चलेंगी।

और अब एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

सबसे ऊंचे रेल आर्च ब्रिज और कटरा से श्रीनगर के बीच रेल मार्ग के लोकार्पण की ख़बर आज सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। दैनिक जागरण की सुर्खी है– कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल मार्ग से जुड़ा देश, बना इतिहास।

मुख्यमंत्री ने नैनीताल में खिलाड़ी योजना और पदक विजेताओं को सम्मानित किया। इस पर अमर उजाला मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है– देवभूमि खेलभूमि बनने की ओर अग्रसर।

देहरादून में अनफिट विक्रम–सिटी बसों के खिलाफ चलेगा अभियान, हिंदुस्तान समाचार पत्र की सुर्खी है। समाचार पत्र के अनुसार ए.आर.टी.ओ–प्रवर्तन के साथ आर.आई भी जांच टीम में रहेंगे, सार्वजनिक वाहनों में खामी मिलने पर मौके पर रद्द की जाएगी फिटनेस।